संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची-4

सत्र-2021-22

कक्षा-5 विषय-हिंदी

पुस्तक-दिव्य भारती एवं अपराजिता हिंदी व्याकरण

(दिव्य भारती)- पाठ-10 (मैराथन दौड़)

शब्दार्थ- तलहटी-पहाड़ के नीचे का मैदान, आक्रमण- हमला, विश्वविख्यात-संसार में प्रसिद्ध, असमतल-ऊबड़ खाबड़, आवागमन- आना-जाना, दुर्गम- कठिन, संदेशवाहन- संदेश पहुँचाना, मस्तिष्क- दिमाग, परतंत्र- गुलाम, पराधीन, आश्वासन- भरोसा, दिलासा देना, घमासान- भयानक, पराजित- हराना, क्षीण -कमजोर, प्राण-पखेरू उड़ना- मर जाना।

1. सोचिए और बोलिए-

उत्तर1 . ओलंपिक खेलों का आरंभ यूनान से हुआ था।

उत्तर2. मैराथन दौड़ की दूरी 41 कि. मी. से भी कुछअधिक की होती है।

उत्तर3. ईरान के राजा का नाम दारा था।

उत्तर-4. एथेंस वासियों ने स्पार्टा राज्य से मदद लेनी चाही।

उत्तर-5. स्पार्टावालों को संदेश पहुँचाने के लिए फिडीपिडीज नामक युवक को चुना गया।

2. सोचिए और लिखिए-

उत्तर 1. ओलंपिक खेलों का आयोजन प्रतिवर्ष यूनान के ओलंपिक नामक पर्वत की तलहटी में किया जाता था।

उत्तर 2. एथेंस वालों ने स्पार्टा से मदद इसलिए लेनी चाही क्योंकि वह अपनी बहादुरी के लिए विश्वविख्यात था।

उत्तर3. स्पार्टा जाते हुए फिडीपिडीज़ लगातार इसलिए भागता रहा क्योंकि वह एक पल के लिए भी रुकता तो उसका देश गुलाम हो जाता।

उत्तर4. फिडीपिडीज़ ने ऊँचे स्वर में एथेंस वासियों को कहा-" एथेंस वासियों ! खुशियाँ मनाओ, एथेंस जीत गया है।"

उत्तर5. मरने के बाद फिडीपिडीज़ के चेहरे पर शांति और प्रसन्नता के भाव थे।

3. सही उत्तर के सामने (✓) लगाइए-

उत्तर- 1. (ख) अंतरराष्ट्रीय

2. (ग) यूनानियों से

3. (क) असमतल

4. (ख) 35 कि.मी.

(**अपराजिता हिंदी व्याकरण**)

(**पाठ-11 काल)**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

उत्तर-(क) क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का बोध हो,
उसे काल कहते हैं।

(ख) काल के तीन भेद हैं- भूतकाल, वर्तमान काल, भविष्यत काल।

उदाहरण- (1) भूतकाल-माँ खाना बना चुकी।

(2) वर्तमान काल- रमन पत्र लिख रहा है।

(3) भविष्यतकाल- नेहा गाना गाएगी।

2. **निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़कर क्रियाओं के काल के भेद का नाम लिखिए-**

उत्तर- **(क) भूतकाल**

(ख) भविष्यतकाल

(ग) वर्तमान काल

(घ) भूतकाल

(ङ) वर्तमान काल

3. **निम्नलिखित वाक्यों को वर्तमान काल और भूतकाल में बदलिए--**

उत्तर- (क) वर्तमान काल- आज मेरी परीक्षा का परिणाम आ रहा है।

भूतकाल- कल मेरी परीक्षा का परिणाम आ चुका।

(ख) वर्तमान काल- रीमा मधुर गीत गा रही है।

भूतकाल- रीमा मधुर गीत गा चुकी।

(ग) वर्तमान काल- कुम्हार मिट्टी के बर्तन बना रहा है।

भूतकाल-कुम्हार मिट्टी के बर्तन बना चुका है।

(घ) वर्तमान काल -हमलोग मेला जा रहे हैं।

भूतकाल- हमलोग मेला गए थे।

4. उचित मिलान कीजिए-

उत्तर- (क) (4) चल पड़ी ।

(ख) (5) नाचती है ।

(ग) (1) प्रसन्न होता है ।

(घ) (2) टिमटिमा रहे हैं।

(ङ) (3) जाएँगी ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प पर सही (✓)का चिह्न लगाइए-

उत्तर- (क) -(2) वर्तमान काल

(ख) -(2) समय

(ग) - (1) भूतकाल

(घ) - (3) तीन